100 Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 29 June 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि में दाखिले के लिए आवेदन की बढ़ेगी तिथि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाएगा। मंगलवार को इस संबंध में प्रवेश समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। छात्रों को करीब 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। लविवि में स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया 9 मार्च से शुरू हो गई थी। स्नातक पाठ्यक्रमों में करीब 3800 और परास्नातक में करीब 4400 सीटें हैं। कोरोना की वजह से आवेदनों प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 45 हजार छात्रों के आवेदन आए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी, लेकिन छात्रों को आवेदन करने के लिए एक और अवसर दिया जाएगा। आवेदन की तिथि कम से कम 15 दिनों के लिए बढ़ाई जाएगी। प्रवेश परीक्षा 15 अगस्त के बाद प्रस्तावित है। (माई सिटी रिपोर्टर)